आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 18.02.2026 समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करना है।
- इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– एआई समिट में बुनियादी ढांचा और प्रौद्योगिकी में भारत की वैश्विक पहचान स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है।
- राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में आज बादल छाए हुए हैं। पर्वतीय जिलों में हल्की बारिश का पूर्वानुमान।
- पुरुष टी20 क्रिकेट विश्व कप में, आज शाम सात बजे से अहमदाबाद में भारत और नीदरलैंड्स आमने–सामने होंगे।

**जन–जन की सरकार**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करना है। श्री धामी ने कहा कि "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" कार्यक्रम प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को समाप्त कर सुशासन के नए मानक स्थापित कर रहा है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे।

अब तक प्रदेश के सभी 13 जिलों में कुल 648 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इन शिविरों में 5 लाख 12 हजार 767 नागरिकों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं दर्ज कराई हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। अब तक 32 हजार 841 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है।

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत वास्तविक दुनिया की समस्याओं के समाधान के लिए एआई पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के तीसरे दिन एक अनुसंधान संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश उद्यमों में उत्पादकता बढ़ाने और स्वास्थ्य सेवा, कृषि तथा जलवायु परिवर्तन जैसी व्यापक जन–स्तरीय चुनौतियों का समाधान करने के लिए एआई के उपयोग को प्राथमिकता दे रहा है।

श्री वैष्णव ने कहा कि एआई शिखर सम्मेलन विभिन्न तकनीकी मामलों पर विचार–विमर्श करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। उन्होंने संगोष्ठी में उपस्थित शीर्ष विद्वानों से एआई के सुरक्षित इस्तेमाल

पर ठोस और स्पष्ट सुझाव देने को कहा। उन्होंने एआई को एक शक्तिशाली उपकरण बताते हुए कहा कि इसका उपयोग मानवता के हित के लिए किया जाना चाहिए।

"मेरी पॉलिसी मेरे हाथ"

"मेरी पॉलिसी मेरे हाथ" अभियान के अंतर्गत टिहरी गढ़वाल जिले के छह किसानों को विकास भवन सभागार में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बीमा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। यह योजना केंद्र और राज्य सरकार तथा भारतीय कृषि बीमा कंपनी के संयुक्त सहयोग से संचालित की जा रही है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल ने बताया कि ये प्रमाण पत्र रबी सीजन में फसल बीमा कराने वाले किसानों को प्रदान किए गए हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपनी फसलों का बीमा कराएं। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि इस दौरान संबंधित अधिकारियों के साथ उद्यान विभाग से जुड़ी योजनाओं की भी समीक्षा की गई।

मेजर विभूति शंकर ढौंडियाल

वीरभूमि उत्तराखंड के अमर सपूत और "शौर्य चक्र" से अलंकृत मेजर विभूति शंकर ढौंडियाल के बलिदान दिवस पर आज उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न संगठनों और गणमान्य व्यक्तियों ने उनके अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा की भावना को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि मेजर ढौंडियाल ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया, जो सदैव देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मेजर विभूति शंकर ढौंडियाल का जीवन शौर्य, त्याग और देशभक्ति की उज्ज्वल गाथा है, जिसने भारतीय सेना की गौरवशाली परंपरा को और अधिक समृद्ध किया है। श्री धामी ने कहा कि उनका बलिदान राष्ट्र के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

झील सौंदर्यीकरण

पिथौरागढ़ जिले के बड़ाबे क्षेत्र को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। क्षेत्र में निर्मित झील का भव्य सौंदर्यीकरण कर इसे आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया गया है।

ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता पंकज कुमार ने बताया कि पर्यटकों की सुविधा के लिए कैंटीन, बेहतर सड़क संपर्क और पार्किंग की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

श्री कुमार ने कहा कि इस पहल से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसके साथ ही, पर्यटक प्रकृति के निकट रहकर हिमालय की सुंदरता का आनंद ले सकेंगे।

सतपुली तहसील दिवस

पौड़ी गढ़वाल जिला की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की अध्यक्षता में सतपुली में तहसील दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 44 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष प्रकरणों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को एक पखवाड़े के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी और प्रत्येक प्रकरण की व्यक्तिगत रूप से निगरानी की जाएगी।

उन्होंने बताया कि इस दौरान पेंशन, सड़क, पेयजल और प्रमाणपत्र से संबंधित समस्याएं प्रमुख रूप से दर्ज की गईं।

मौसम

और अब एक नजर मौसम पर..... राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में आज बादल छाए हुए हैं। इस बीच, मौसम विभाग ने आज उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, पिथौरागढ़, देहरादून, टिहरी गढ़वाल, हरिद्वार और पौड़ी गढ़वाल जिलों में कहीं–कहीं हल्की वर्षा की संभावना व्यक्त की है।

साथ ही, तीन हजार तीन सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात के आसार हैं। विभाग के अनुसार 20 से 22 फरवरी तक प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहेगा, जबकि 23 फरवरी से पर्वतीय जिलों में एक बार फिर वर्षा होने का अनुमान है।

टी20 क्रिकेट विश्व कप

पुरुष टी20 क्रिकेट विश्व कप में, आज दोपहर 3 बजे से कोलंबो में पाकिस्तान और नामीबिया तथा शाम सात बजे से अहमदाबाद में भारत और नीदरलैंड्स आमने–सामने होंगे।

प्रतियोगिता में कल नेपाल ने स्कॉटलैंड को 7 विकेट से हरा दिया। नेपाल ने 171 रन का लक्ष्य 19 ओवर और दो गेंद में हासिल करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया।